प्रेस नोट

दिनांक 23.07.2024

महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में एक दिवसीय स्टेक होल्डर कार्यशाला प्रशिक्षण सम्पन्न ।

आज दिनांक 23.07.2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में सभागार रिजर्व पुलिस लाइन हमीरपुर में क्षेत्राधिकारी सदर व श्री शिवराम चौबे,जिला समन्वयक हमीरपुर जन साहस सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी हमीरपुर, की अध्यक्षता में एएचटीयू/एसजेपीयू, एनजीओ, सीडब्ल्यूसी एवं श्रम विभान की संयुक्त रुप से एक दिवसीय स्टेट होल्डर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में जनपद के समस्त थानों पर चिन्हित/नियुक्त बाल कल्याण/बाल कल्याण सहायक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस दौरान प्रभावी समाधान और रोकथाम के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।